## कार्यालय : मण्डलीय अपर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, कुमाऊँ मण्डल नैनीताल।

**रा0प्रा0शि0 से स0अ0एल0टी0 स्नातक वेतनक्रम में रिक्त 30 प्रतिशत पदों के सापेक्ष पदोन्नति हेतु काउंसिलिंग में आमंत्रित शिक्षकों हेतु विस्तृत दिशा–निर्देशः–**

- यह पदोन्नतियां उत्तराखण्ड अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा नियमावली–2014 (यथासंशोधित) एवं उत्तराखण्ड अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा संशोधन नियमावली–2019 में निहित प्राविधानों के तहत ही की जायेंगी। आवेदनों का परीक्षण करने उपरान्त अनर्ह शिक्षकों द्वारा किये गये आवेदनों को सूची से पृथक किया गया है।
- स0अ0एल0टी0 संवर्ग में सामान्य एवं महिला संवर्ग की रिक्तियों को पृथक से विभागीय वैबसाईट एवं काउंसिलिंग स्थल में प्रदर्शित किया जायेगा।
- काउंसिलिंग हेतु व्यायाम विषय में 70, गृह विज्ञान विषय में 11, संगीत विषय में 04 एवं कला विषय में 01 शिक्षकों को आमंत्रित किया जा रहा है किन्तु पदोन्नतियां विज्ञापित पदों के सापेक्ष ही की जायेंगी।
- व्यायाम विषय में विज्ञापित पदों के सापेक्ष पदों पर पदोन्नति हेतु विकल्प प्राप्त न होने की दशा में द्वितीय चरण की काउंसिलिंग निर्धारित की जायेगी।
- काउंसिलिंग में विषयानुसार दिव्यांग शिक्षकों हेतु पद आरक्षित रखे गये हैं, उक्तानुसार दिव्यांग शिक्षकों को (वरीयता सूची में पीछे होने के उपरान्त भी) काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित किया जा रहा है।
- काउसिलिंग में उपस्थित होने वाले समस्त शिक्षक अपने समस्त शैक्षिक/प्रशिक्षण योग्यता संबंधी मूल अभिलेख अनिवार्यतः अपने साथ लाएंगे।
- काउसिलिंग में उपस्थित होने वाले समस्त शिक्षक अपने पोर्टल की अद्यतन प्रति (शैक्षिक वर्ष 2026–27) अपने साथ लाएंगे।
- दिव्यांग शिक्षक अपना मूल दिव्यांगता प्रमाण पत्र अवश्य साथ लाएं।
- ऐसे शिक्षक जिनके द्वारा उत्तराखण्ड राज्य से बाहर अथवा प्राईवेट विश्वविद्यालयों से उपाधियां प्राप्त की गयी हैं को एन0सी0टी0ई0 से मान्यता प्राप्त होने संबंधी अभिलेख/तथ्य प्रस्तुत करने होंगे, उक्त अभिलेख उपलब्ध न होने की दशा में उन समस्त शिक्षकों के शैक्षिक अभिलेखों का सत्यापन करने उपरान्त ही पदोन्नति आदेश निर्गत किये जायेंगे।
- काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित शिक्षकों की सूची विभागीय वैबसाईट–https://schooleducation.uk.gov.in में अपलोड की जा रही है। अतः तद्नुसार अनुकूल माध्यम का प्रयोग करते हुए सूची ACCESS करें।
- काउंसिलिंग तिथि में अनुपस्थित शिक्षकों की पदोन्नति के सम्बन्ध में पुनः विचार नहीं किया जायेगा, निर्धारित समय पर काउंसिलिंग में उपस्थित रहना अनिवार्य है। अतः प्रातः 11:00 बजे निर्धारित स्थल पर उपस्थिति देना सुनिश्चित किया जाय।
- अपलोड की गयी सूची में किसी प्रकार की आपत्ति अथवा संशोधन के संबंध में कार्यालय, मण्डलीय अपर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, कुमाऊँ मण्डल नैनीताल में दिनांक 25.09.2026 तक प्रत्यावेदन उपलब्ध कराया जा सकता है।

दिनांकः–21.09.2026

(ह0अ0)
मण्डलीय अपर निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,
कुमाऊँ मण्डल नैनीताल